ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 13 नवम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 191

SBI लॉकर से पूर्व रेरा चेयरमैन की बेटियों समेत परिवार के गहने गायब, हैंडल पर नहीं मिले फिंगरप्रिंट



24 न्यूज अपडेट

भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की IIFM परिसर स्थित शाखा के लॉकर से मध्यप्रदेश रेरा के पूर्व चेयरमैन एपी श्रीवास्तव और उनकी बेटियों के सोने के गहने गायब मिलने से हड़कंप मच गया। गुरुवार को बेटी सुरभि के साथ बैंक पहुंचे श्रीवास्तव ने लॉकर खोला तो वह खाली मिला। शुरुआती जांच में लॉकर के हैंडल पर फिंगरप्रिंट भी नहीं मिले हैं। पुलिस अब लॉकर को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने और बैंक के पिछले तीन महीने के CCTV फुटेज खंगालने की तैयारी कर रही है।

श्रीवास्तव के मुताबिक, उन्होंने 13 दिसंबर 2024 को अपनी बेटियों सुरभि और श्रुति के साथ लॉकर नंबर 502 ज्वाइंट रूप से लिया था। इसके लिए वे सालाना 2380 रुपए किराया चुकाते थे। हाल ही में दुबई से बेटी सुरभि भोपाल आई थीं। गुरुवार दोपहर दोनों लॉकर से गहने देखने पहुंचे। श्रीवास्तव का कहना है कि लॉकर की चाबी शुरुआत में अटक रही थी। काफी मशक्कत के बाद लॉकर खुला तो अंदर रखे गहने गायब थे। उनके पास लॉकर में रखे गहनों की तस्वीरें मौजूद हैं, हालांकि गायब आभूषणों की कुल कीमत अभी नहीं बताई गई है।

सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में लॉकर के हैंडल पर फिंगरप्रिंट नहीं मिले। अब जांच में यह पता लगाया जाएगा कि लॉक से छेड़छाड़ हुई या डुप्लीकेट चाबी के जरिए लॉकर खोला गया। पुलिस ने बैंक से पिछले तीन महीने के CCTV फुटेज मांगे हैं, ताकि लॉकर रूम में आने-जाने वालों की गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

दूसरी बेटी से भी होगी पूछताछ

लॉकर ज्वाइंट होने के कारण पुलिस दूसरी बेटी श्रुति के बयान भी लेगी, जो फिलहाल बेंगलुरु में हैं। उनके भोपाल आने पर यह जानने का प्रयास होगा कि लॉकर में गहने रखते समय कौन-कौन मौजूद था। पुलिस ने श्रीवास्तव के अन्य बैंक लॉकरों की भी जांच की है। साथ ही बैंक कर्मचारियों की भूमिका और किसी संभावित मिलीभगत के पहलू को भी जांच में शामिल किया गया है।

SBI शाखा के प्रभारी मैनेजर हरीश मेहरा के अनुसार, लॉकर नंबर 502 दिसंबर 2024 में श्रीवास्तव और उनकी बेटियों के नाम आवंटित किया गया था। उन्होंने 12 नवंबर को लॉकर से सामान गायब होने की सूचना दी थी। बैंक का कहना है कि वह लॉकर का कस्टोडियन होता है, लेकिन ग्राहक ने उसमें क्या रखा है, इसकी जानकारी बैंक को नहीं होती। नियमानुसार लॉकर खोलने के लिए बैंक और ग्राहक दोनों की चाबियों का इस्तेमाल जरूरी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

JEE एडवांस्ड 2027 की तारीख घोषित, 23 मई को परीक्षा, इस बार बेसिक कैलकुलेटर की सुविधा भी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) में प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। JEE एडवांस्ड 2027 की परीक्षा 23 मई 2027, रविवार को आयोजित होगी। परीक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे IIT दिल्ली ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। वेबसाइट पर परीक्षा की तारीख के साथ अभ्यर्थियों के लिए पात्रता संबंधी मानदंड और जरूरी जानकारियां उपलब्ध करा दी गई हैं। परीक्षा से जुड़ी सभी आधिकारिक सूचनाएं JEEADV.AC.IN पर जारी की जाएंगी। IIT दिल्ली ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे आवेदन प्रक्रिया, पात्रता और अन्य दिशा-निर्देशों से जुड़ी नई घोषणाओं के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

परीक्षा में मिलेगा ऑन-स्क्रीन कैलकुलेटर

JEE एडवांस्ड 2027 में अभ्यर्थियों को कंप्यूटर स्क्रीन पर बेसिक कैलकुलेटर की सुविधा भी मिलेगी। यह गैर-वैज्ञानिक कैलकुलेटर होगा, जिसके डिस्प्ले पर 10 से 12 अंकों तक की संख्या दिखाई जा सकेगी। परीक्षा के दौरान इसी ऑन-स्क्रीन कैलकुलेटर का उपयोग किया जा सकेगा। IIT में प्रवेश का प्रमुख माध्यम होने के कारण JEE एडवांस्ड को लेकर देशभर के लाखों अभ्यर्थियों की नजर रहती है। परीक्षा की तारीख और पात्रता संबंधी जानकारी जारी होने के बाद अब विद्यार्थी आधिकारिक दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी तैयारी और आगे की प्रक्रिया की योजना बना सकेंगे।


फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र से MBBS में दाखिला, जांच में खुली पोल, छह छात्रों की सीटें रद्द



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में कथित फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर एमबीबीएस में दाखिला लेने वाले छह उम्मीदवारों की सीटें रद्द कर दी गईं। जांच में इन उम्मीदवारों की दिव्यांगता निर्धारित 40 प्रतिशत के मानक से कम पाई गई। इसके बाद उनकी सीटें वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवारों को आवंटित कर दी गईं। जम्मू-कश्मीर बोर्ड ऑफ प्रोफेशनल एंट्रेंस एग्जामिनेशन (BOPEE) ने 10 नवंबर को कुपवाड़ा जिले के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, हंदवाड़ा में इन दाखिलों को रद्द किया। इनमें कुपवाड़ा के तीन, राजौरी के दो और किश्तवाड़ का एक उम्मीदवार शामिल है। दोबारा मेडिकल जांच श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल और एसकेआईएमएस के मेडिकल बोर्डों ने की थी। एक उम्मीदवार का दृष्टि संबंधी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जांच में पूरी तरह अमान्य पाया गया, जबकि अन्य पांच में दिव्यांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम मिला। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत आरक्षण का लाभ लेने के लिए कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना जरूरी है। मेडिकल सीटों की काउंसलिंग में शामिल 1,600 उम्मीदवारों में से 64 ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। बोर्ड के सचिव शब्बीर हुसैन कीन ने बताया कि छह उम्मीदवारों के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। बोर्ड ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित उम्मीदवारों और प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अधिनियम की धारा 91 के तहत धोखाधड़ी से दिव्यांगता संबंधी लाभ लेने पर दो साल तक की जेल, एक लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी डॉक्टरों व मेडिकल बोर्ड के सदस्यों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि फर्जी प्रमाण पत्र वास्तविक दिव्यांग विद्यार्थियों के शिक्षा और रोजगार के अधिकार छीनते हैं।

राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट, अगले सप्ताह से बढ़ेगी सर्दी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान में मौसम करवट लेने वाला है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से 14 नवंबर को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पांच जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसका असर जोधपुर और बीकानेर संभाग में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 16 नवंबर से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद उत्तरी सर्द हवाएं चलेंगी। इससे अगले सप्ताह प्रदेश के कई शहरों में रात का तापमान गिरेगा और सर्दी तेज होगी। पिछले 24 घंटे में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में बादल व धुंध का असर रहा। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री और सीकर में 12 डिग्री दर्ज किया गया। पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन के तापमान में भी दो डिग्री तक गिरावट आई है।

काजीरंगा में मौत बनकर दौड़ी मिनी बस, ट्रक से भिड़ंत में 23 की जान गई



24 न्यूज अपडेट

असम। काजीरंगा के रंगाजन में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। मिनी बस में ज्यादातर विद्यार्थी सवार थे। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर कोहोरा रेंज में हाथीकुली टी एस्टेट के पास हुआ। बस बोकाखाट से नागांव की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय विधायक और असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मिनी बस तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वह सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। प्रशासन हादसे की वजह के साथ यह भी जांच रहा है कि वाहनों ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास निर्धारित गति सीमा और यात्री क्षमता संबंधी नियमों का पालन किया था या नहीं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा असम उनके साथ खड़ा है। उन्होंने घायलों को बिना देरी बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। मृतकों के पोस्टमार्टम के लिए गोलाघाट के स्वाहिद कुशल कोंवर सिविल अस्पताल में रात में विशेष रोशनी की व्यवस्था की गई।

एक गलत अपडेट ने दुनिया का डिजिटल पहिया थाम दिया, माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप; बैंक, अस्पताल, एयरपोर्ट से सरकारी दफ्तर तक प्रभावित

15 घंटे से ज्यादा की तकनीकी गड़बड़ी से 74 देशों में हाहाकार, भारत में स्पाइसजेट की तीन उड़ानें रद्द, कई लेट



24 न्यूज अपडेट

एक सॉफ्टवेयर अपडेट की चूक ने दुनिया की डिजिटल व्यवस्था को झटका दे दिया। माइक्रोसॉफ्ट की ऑनलाइन सेवाओं में आई तकनीकी खराबी से बैंकिंग, हवाई सेवाओं, अस्पतालों, स्कूलों और सरकारी संस्थानों तक का कामकाज प्रभावित हुआ। हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग सेवाएं बाधित रहीं तो ऑस्ट्रेलिया में पुलिस और खुफिया एजेंसियों के काम पर असर पड़ा। जापान में सरकारी सिस्टम और फिलीपींस में अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हुआ।

भारत में इसका असर हवाई सेवाओं पर दिखाई दिया। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट को दिल्ली से पुणे, लेह और मुंबई जाने वाली तीन उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दरभंगा और मुंबई जाने वाली दो अन्य उड़ानें देरी से संचालित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जांचने की सलाह दी। इंडिगो और अकासा एयर ने भी एडवाइजरी जारी की। हालांकि, एयर इंडिया ने स्पष्ट किया कि उसकी उड़ानों का संचालन सामान्य है।

आउटलुक पर 1.40 लाख से ज्यादा शिकायतें

माइक्रोसॉफ्ट की आउटलुक, टीम्स, शेयरपॉइंट ऑनलाइन, कोपायलट 365, डिफेंडर, प्लानर और एक्सचेंज ऑनलाइन जैसी सेवाएं प्रभावित हुईं। ईमेल, ऑनलाइन मीटिंग और क्लाउड पर फाइलों के इस्तेमाल में लोगों को परेशानी हुई। डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 9:45 बजे शुरू हुई इस गड़बड़ी के बाद एक घंटे में 74 देशों से शिकायतें आने लगीं। आउटलुक को लेकर शिकायतों का आंकड़ा 1.40 लाख पार कर गया।

साइबर अटैक नहीं, अपडेट की चूक बनी वजह

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, गलत तरीके से हुए सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण यह संकट पैदा हुआ। कंपनी ने इसे साइबर अटैक या हैकिंग का मामला नहीं बताया। सुधार के लिए किए गए शुरुआती बदलाव कारगर नहीं रहे, जिसके बाद कंपनी दूसरे विकल्पों की जांच में जुटी। दुनिया में 43 करोड़ से अधिक लोग माइक्रोसॉफ्ट 365 एप्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में इस तकनीकी गड़बड़ी का दायरा केवल ईमेल या मीटिंग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन तमाम कामों तक पहुंचा जो इन डिजिटल सेवाओं पर निर्भर हैं।

संपादकीय : जलवायु की फिक्र

दुनिया भर में इस बात पर सहमति है कि अगर बढ़ते वैश्विक ताप के मसले पर जल्दी ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो व्यापक स्तर पर इसके खमियाजे किसी न किसी रूप में सभी देशों को उठाने पड़ेंगे जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी करने वाले सभी देश इस पर गहरी चिंता जताते हैं। मगर हकीकत यह है कि बीते कई दशकों से लगातार वैश्विक ताप में इजाफे के कारणों और हल के उपायों पर सिर्फ चर्चा ही होती रही है। उन पर अमल का सवाल आते ही अलग-अलग कारणों का हवाला देकर ज्यादातर देश अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। खासतौर पर जिन विकसित या समृद्ध देशों को सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार माना जाता है, वे अपनी जवाबदेही को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखते और दुनिया का तापमान बढ़ने की जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोप देते हैं। सवाल है कि अगर विकसित देशों का यही रवैया कायम रहा, तो जलवायु परिवर्तन और उसकी वजह से खड़ी होने वाली स्थितियां कहां तक जाएंगी! गौरतलब है कि तुर्किये के अंताल्या शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन 'सीओपी 31' में बुधवार को एक बार फिर इस मुद्दे पर औपचारिक बातचीत शुरू हुई। इस बार की वार्ता के केंद्र में मुख्य रूप से पिछले साल भर में आई विनाशकारी बाढ़, लू और जलवावु से जुड़ी अन्य आपदाएं हैं। सम्मेलन में शामिल देश वैश्विक ताप को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मगर इन प्रयासों की सीमा का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अमेरिका और चीन सहित कई वैसे देश 'सीओपी 31' में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिन्हें सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार माना जाता है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस में हुए सम्मेलन में वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने को लेकर एक लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति संभव नहीं हो सकी है और यह मुद्दा आज भी अंतरराष्ट्रीय बर्ताओं में चिंता का मुख्य विषय बना हुआ है। हालत यह है कि धरती का तापमान अब 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार करना लगभग तय माना जा रहा है। जब वैश्विक ताप की वजह से कहीं बेलगाम बाढ़, तो कहीं टूटते हिमनद या लू जैसे हालात के रूप में दुनिया भर में होने वाली तबाही सामने है, तब भी विकसित देशों के बीच इस मसले पर एक विचित्र उदासीनता कायम है। जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट को केंद्र में रख कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन भले होते रहते हैं, लेकिन उसका अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है। एक नई रिपोर्ट में दी गई चेतावनी से समस्या की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है कि देशों के जलवायु वादों और वास्तव में होने वाली उत्सर्जन कटौती के बीच अंतर बढ़ता जा रहा है। जबकि स्थिति पर काबू पाने के लिए दुनिया को कार्बन उत्सर्जन में छह फीसद तक की कटौती करना जरूरी होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि इसे लेकर विकसित देश गंभीर नहीं हैं। दूसरी ओर, गरीब और विकासशील देशों के सामने सीमित संसाधनों के बीच अपने दम पर जलवायु संकट का सामना करना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यावहारिक उपायों के संदर्भ में विकसित देशों से भारत की यह मांग बिल्कुल उचित है कि वे पेरिस जलवायु समझौते के मुताबिक विकासशील देशों को जलवायु कार्रवाई के लिए वित्तीय संसाधन मुहैया कराएं।

लापरवाही की कीमत

राजधानी दिल्ली के रहौला इलाके में चार साल के मासूम बच्चे का खुले सीवर में गिर जाना और चौबीस घंटे बाद निलोठी के अवजल उपचार संयंत्र से उसका क्षत-विक्षत शव मिलना महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारे तंत्र की आपराधिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौने होने चाहिए थे, वह अपनी मां के साथ मोहन गार्डन के पार्क की ओर जाते समय खुले गटर में समा गया। नांगली विहार एक्सटेंशन में खेरी बाबा पुल के पास जब एनडीआरएफ, दमकल विभाग और स्थानीय गोताखोर गंदे पानी के तेज बहाव में उस नन्ही जान को तलाश रहे थे, तब स्थानीय लोग केवल उम्मीद और बेबसी के सहारे खड़े थे। आखिरकार जो शव सामने आया, वह संयंत्र की मशीनों में कटकर टुकड़ों में बंटा था। यह दृश्य किसी भी सभ्य समाज और उसकी व्यवस्था की अंतरात्मा को झकझोरने के लिए काफी है। हकीकत यह है कि अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग इस पर शायद ही कभी ध्यान देते हैं। आखिर इस तरह की तमाम दर्दनाक घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है? खुले नालों और सीवर की बदहाली को लेकर जनता से आए दिन शिकायतें मिलती रहती हैं, लेकिन इन्हें हमेशा के लिए दुरुस्त करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। अफसोसनाक है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन अथवा सरकारी तंत्र लापरवाही से अपनी आंखें मूंदे रखता है। घटनाएं होती रहती हैं और संवेदनशून्य सरकारी तंत्र चुप्पी साधे रहता है। सड़कों पर खुले मैनहोल से लेकर नाले में गिर कर लोगों की मौत खबरें आती रहती हैं, लेकिन उनसे सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। सवाल है कि सड़कों पर अगर खुले मैनहोल या नाले मौत को न्योता देते रहते हैं, तो इसे सुरक्षित तरीके से ढकना व घेरा बनाना किसकी जिम्मेदारी है। राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम अन्य शहरों से भी ऐसे दिल दहलाने वाले मामले लगातार सामने आते रहते हैं, लेकिन कहीं कोई जवाबदेही नजर नहीं आती। जब तक इन गंभीर लापरवाहियों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा कर सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल बना रहेगा।

मृत मवेशी उठाने में भी मनमानी! 1500 के बदले 3500 रुपए वसूले, महापौर ने ठेकेदार को थमाया नोटिस

वार्ड 64 और कालवास की शिकायतों पर कार्रवाई, महापौर पारस सिंघवी ने मांगा जवाब; तय शुल्क से ज्यादा राशि नहीं देने की अपील

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में मृत मवेशियों को उठाने के नाम पर निर्धारित शुल्क से दोगुनी से भी अधिक वसूली की शिकायतों ने नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला सामने आने पर महापौर पारस सिंघवी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने साफ किया कि तय दर से अधिक वसूली बर्दाश्त नहीं होगी और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। महापौर के अनुसार, वार्ड 64 में 4 नवंबर को मृत मवेशी उठाने के लिए निर्धारित 1500 रुपए के बजाय 3000 रुपए नकद वसूले जाने की शिकायत मिली। वहीं, वार्ड 43 के कालवास क्षेत्र में 11 नवंबर को मृत गाय उठाने के बदले 1500 रुपए की जगह 3500 रुपए ऑनलाइन भुगतान से लेने की शिकायत सामने आई। अतिरिक्त वसूली के साथ ऑनलाइन भुगतान के लिए दबाव बनाने की बात भी कही गई है। नगर निगम ने निजी स्वामित्व के मृत मवेशियों को उठाने की दरें तय कर रखी हैं। हाथी और ऊंट के लिए 5000 रुपए, घोड़ा, गाय, बैल और पाड़ा-पाड़ी के लिए 1500 रुपए तथा अन्य जानवरों के बच्चों के लिए 300 रुपए शुल्क निर्धारित है। ठेकेदार के लिए तय राशि ही लेना और प्रत्येक भुगतान की रसीद देना अनिवार्य है। महापौर सिंघवी ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित शुल्क से अधिक राशि न दें। यदि ठेकेदार या उसका प्रतिनिधि अतिरिक्त पैसे मांगता है तो इसकी शिकायत सीधे नगर निगम पहुंचकर उनसे करें, ताकि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।



दवाइयों के बिल पास कराने के बदले मांगी 25 हजार की घूस, 15 हजार लेते कार्यवाहक GM गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

झालावाड़। दवाइयों की सप्लाई के बिलों का भुगतान और चेक जारी कराने की एवज में कमीशन मांगना सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लिमिटेड के कार्यवाहक महाप्रबंधक मस्तराम मीणा को भारी पड़ गया। झालावाड़ एसीबी की टीम ने शुक्रवार को उसे 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद सहकारी विभाग में हड़कंप मच गया। एसीबी निरीक्षक साजिद खान के अनुसार, परिवादी की फर्म गुरु कृपा मेडिकोज, झालरापाटन ने सहकारी उपभोक्ता भंडार को दवाइयों की आपूर्ति की थी। फर्म के करीब 15 लाख 32 हजार रुपए बकाया थे, जिनमें से 9 लाख 19 हजार रुपए के चेक तैयार किए गए थे। आरोप है कि इन बिलों का भुगतान कराने और चेक जारी करवाने के बदले मस्तराम मीणा ने पांच प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 25 हजार रुपए मांगे थे। परिवादी का आरोप था कि आरोपी करीब दो साल से उसे परेशान कर रहा था। रिश्वत की मांग से परेशान होकर परिवादी ने एसीबी में शिकायत की। सत्यापन के दौरान मांग की पुष्टि होने पर ब्यूरो ने जाल बिछाया। शुक्रवार को जैसे ही आरोपी ने परिवादी से 15 हजार रुपए लिए, पहले से तैनात टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। यह कार्रवाई पुलिस उपमहानिरीक्षक के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन में की गई।

दो दिनों में सोना 2950 रुपए, चांदी 4650 रुपए तक सस्ती



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट के बाद अब मामूली तेजी देखने को मिली है। उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के आज के भावों के अनुसार सोना स्टैंडर्ड (999) 1,37,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी टंच का भाव 1,79,600 रुपए प्रति किलोग्राम रहा। कल के मुकाबले सोना स्टैंडर्ड में 850 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं चांदी टंच 300 रुपए महंगी हुई है। सोने के अन्य भावों में भी तेजी दर्ज की गई। 23 कैरेट जेवराती सोना 1,31,520 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,26,040 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी चौरसा का भाव 1,78,600 रुपए प्रति किलो दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों में सोना स्टैंडर्ड 2,950 रुपए और चांदी टंच 4,650 रुपए तक सस्ती हुई थी। ऐसे में आज की तेजी के बावजूद बाजार में हालिया गिरावट का असर बना हुआ है। सर्राफा एसोसिएशन के व्यापानी इंदरसिंह मेहता के अनुसार सभी भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।

कल मोहन भागवत की मौजूदगी में जोधपुर में गूंजेगा संघ का घोष, तीन मार्गों से निकलेगा संचलन



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर जोधपुर पहुंचेंगे। उनके दौरे के दौरान शहर में तीन अलग-अलग मार्गों से घोष संचलन निकाला जाएगा। शाम 4 बजे शुरू होने वाला यह संचलन करीब 50 मिनट तक चलेगा। बताया जा रहा है कि सरसंघचालक जालोरी गेट चौराहे पर मौजूद रहकर स्वयंसेवकों के इस अनुशासित संचलन को देखेंगे। शिकारपुरा स्थित श्रीराजाराम आश्रम में दो दिन से मरूनिनाद कार्यक्रम के तहत आवासीय शिविर चल रहा है। इसमें जोधपुर प्रांत के करीब 5 हजार स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के लिए करीब 500 स्वयंसेवक व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। संचलन की तैयारियों के लिए स्वयंसेवक रोजाना 6 से 7 घंटे अभ्यास कर रहे हैं। 14 नवंबर को शहर में होने वाले घोष संचलन के लिए प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को रूट रिहर्सल किया गया था।

पुराने वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण

शिविर के दूसरे दिन आश्रम में पुराने म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें पारंपरिक और पुराने वाद्ययंत्र आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्वयंसेवक घोष वादन के साथ अलग-अलग घोष रचनाओं का अभ्यास भी कर रहे हैं। इन रचनाओं का प्रदर्शन 15 नवंबर को शिविर के समापन समारोह में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. मोहन भागवत का संबोधन भी प्रस्तावित है।

महापौर पारस सिंघवी के जीवन पर बनी सूक्ष्म पुस्तिका, जन्मदिन पर भेंट की



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सूक्ष्म पुस्तिका निर्माण में सिद्धहस्त मिनी माइक्रो आर्टिस्ट एवं रिकॉर्ड होल्डर डॉ. चंद्रप्रकाश चित्तौड़ा ने महापौर पारस सिंघवी के जीवन पर आधारित एक विशेष सूक्ष्म पुस्तिका तैयार की। इसमें उनके जीवन के विभिन्न प्रसंगों को समेटते हुए उनके व्यक्तित्व और सफर को रेखांकित किया गया है। जन्मोत्सव के अवसर पर डॉ. चित्तौड़ा ने महापौर से मुलाकात कर पुस्तिका का अनावरण कराया और शुभकामनाओं के साथ उन्हें भेंट की। पारस सिंघवी ने इस अनूठी कला की सराहना करते हुए डॉ. चित्तौड़ा का आभार जताया।

डॉ. प्रकाशचंद्र चपलोत अध्यक्ष, अनिल जारोली बने महामंत्री



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्रमण संघ परिषद्, हिरण मगरी सेक्टर-4 की संगठनात्मक बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन पर सहमति बनी। 12 नवंबर को दिव्य कुसुमायतन में हुई बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्रकाशचंद्र चपलोत को अध्यक्ष, अनिल जारोली को महामंत्री और जीवन सिंह सरफ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक का शुभारंभ नवकार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। संचालन करते हुए परिषद् के संस्थापक महेन्द्र पोखरना ने बताया कि संगठन वर्ष 2021 से संघ सेवा के साथ विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय है। कार्यों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए नए संगठनात्मक गठन पर विचार किया गया। नई टीम में तेजप्रकाश छाजेड़ को उपाध्यक्ष, डॉ. दिलीप पिपाड़ा और पारस रांका को मंत्री तथा लोकेन्द्र बोहरा को सहमंत्री की जिम्मेदारी दी गई। सी.पी. पोखरना, दिनेश बोहरा, कनकमल पोखरना, संपतलाल लोढ़ा, श्यामसुंदर छाजेड़ और राजेन्द्र कच्छारा संरक्षक मनोनीत किए गए। बैठक में श्रमण संघ युवक परिषद् के गठन की घोषणा भी की गई। इसके लिए राकेश लोढ़ा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी गठित करने का प्रस्ताव रखा गया। फुलचंद पोखरना, बाबूलाल बोहरा, पी.सी. चपलोत, अनिल जारोली और राकेश लोढ़ा ने सुझाव दिए। अंत में महासाध्वीश्री उपप्रवर्तिनी दिव्यप्रभा म.सा. ने मंगलपाठ प्रदान किया। यह जानकारी विनोद कोठारी ने दी।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

किशनगढ़ में ज्वैलरी व्यापारी से धोखाधड़ी कर 1.80 करोड़ के सोने के आभूषण ले उड़े शातिर बदमाश गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 13 नवंबर। किशनगढ़ में ज्वैलरी खरीदने के बहाने व्यापारी को धोखा देकर करीब 1510 ग्राम सोने के आभूषण लेकर फरार हुए तीन शातिर आरोपियों को मदनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये कीमत के सोने के विभिन्न आभूषण तथा 1 लाख 32 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर लगातार पीछा करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों, लूट, चोरी और नकबजनी के मामलों में फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. लाल चंद कायल तथा वृत्ताधिकारी किशनगढ़ शहर धर्मराज चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी मदनगंज भवानी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

ज्वैलरी खरीदने का ऑर्डर देकर व्यापारी को बुलाया

घटना के संबंध में परिवादी मनफूल सोनी निवासी चाड़वास जिला चुरु ने 10 नवंबर 2026 को थाना मदनगंज में रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवादी ने बताया कि वह चाड़वास स्थित पायल ज्वैलर्स का प्रोपराइटर है। उसके मोबाइल पर किशनगढ़ निवासी राहुल सोनी नामक व्यक्ति पिछले तीन-चार दिनों से फोन कर उसकी फर्म से ज्वैलरी खरीदने का ऑर्डर दे रहा था। उसके विश्वास में आकर परिवादी ने 5 नवंबर 2026 को अपने स्टाफ के कर्मचारी राम सोनी और मनोज सोनी को करीब 1510 ग्राम वजन के सोने के आभूषण बिल सहित राहुल सोनी के पास किशनगढ़ भेजा। दोनों कर्मचारी दोपहर करीब 3:30 बजे किशनगढ़ पहुंचे। राहुल सोनी उन्हें गुणसागर ज्वैलर्स के ऊपर स्थित मकान में ले गया, जहां कर्मचारियों ने उसे आभूषण दिखाकर बिल सौंप दिया। राहुल ने माल का चयन करवाने का बहाना बनाया और वहां से चला गया। कर्मचारियों द्वारा कई बार फोन करने पर वह वापस आया और भुगतान तथा शेष सामान देने के बहाने उन्हें आरआर ज्वैलर्स, मदनगंज ले गया। वहां कर्मचारियों को खड़ा रहने के लिए कहकर राहुल सोनी स्कूटी लेकर चकमा देकर फरार हो गया। 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली, कई शहरों में दी दबिश प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों और चोरी गए माल की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित कीं। टीमों ने आपसी समन्वय से किशनगढ़ शहर की गलियों और प्रमुख मार्गों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।

आरोपी शातिर प्रवृत्ति के थे और घटना के बाद लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस टीमों ने कई दिनों तक उनका पीछा किया तथा ब्यावर, राजसमंद, अजमेर, लाडनूं, चुरु, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, हरिद्वार और जयपुर सहित विभिन्न शहरों में दबिश दी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी राहुल कुमार सोनी (39) निवासी चुरू हाल मदनगंज, अविनाश कुमार सिंह (37) निवासी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल रामगंज जिला अजमेर और प्रेम नवलानी (34) निवासी रामगंज जिला अजमेर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रकरण का माल बरामद कर लिया।

स्टंट करके तीनों युवक भाग गए थे गुजरात, वीडियो वायरल होते ही गुजरात में दबिश देकर पकड़ा तो मांगने लगे माफी, बोले—अब कभी ऐसा नहीं करेंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर की सड़कों पर चलती कार से लटककर स्टंटबाजी करना तीन युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो उदयपुर पुलिस हरकत में आई और तकनीकी जांच के जरिए युवकों की पहचान कर गुजरात तक पहुंच गई। सुखेर थाना पुलिस ने तीनों युवकों को गुजरात से डिटेन कर लिया और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। दरअसल, 11 नवंबर की शाम उदयपुर की सड़कों पर एक कार में सवार युवकों का खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया था। वीडियो में युवक चलती कार से बाहर लटककर यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करते नजर आए। यह हरकत न केवल उनकी अपनी जान के लिए खतरा थी, बल्कि सड़क पर चल रहे दूसरे लोगों की सुरक्षा को भी जोखिम में डाल रही थी। वीडियो सामने आते ही जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी आधार पर वीडियो में दिखाई दे रही कार और उसमें स्टंट करने वाले युवकों की पहचान की। इसके बाद टीम ने गुजरात में दबिश देकर तीनों युवकों को डिटेन किया और उदयपुर लेकर आई। संबंधित वाहन और युवकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने आमजन और बाहर से आने वाले लोगों से यातायात नियमों की पालना करने की अपील की है। उन्होंने साफ कहा कि उदयपुर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी है और यहां सड़क पर स्टंटबाजी या जोखिम भरे तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खड़े ट्रेलर में पीछे से घुसी कार, तीन युवक घायल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेरवाड़ा कस्बे में गुरुवार रात नेशनल हाईवे-48 पर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के अगले हिस्से का आधे से ज्यादा भाग ट्रेलर के नीचे घुस गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई।

हादसा रात करीब 10 बजे नवजीवन हॉस्पिटल के सामने हुआ। अहमदाबाद से उदयपुर की ओर आ रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इसमें अफजल भाई पुत्र असलम भाई, हसबुद्दीन पुत्र मुस्लिम भाई और जाहियाबाज पुत्र अब्दुल भाई निवासी अहमदाबाद घायल हो गए।

सूचना पर खेरवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से खेरवाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर, ट्रेलर के नीचे फंसी कार को क्रेन की मदद से बाहर निकालकर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

पिता को बचाने के लिए बेटे ने बनाए फर्जी जमानत आदेश, दोनों गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। पिता को गिरफ्तारी से बचाने के लिए कनाडा में रह रहे बेटे ने हाईकोर्ट के नाम से तीन फर्जी जमानत आदेश तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए। आरोपी मनप्रीत सिंह ने हजारों अदालती आदेशों का अध्ययन कर 12, 15 और 26 अक्टूबर के फर्जी आदेश बनाए और उन्हें सूरतगढ़ कोर्ट में भी पेश किया। न्यायिक रिकॉर्ड की जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) ने कुड़ी भगतासनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने एसआईटी के साथ कार्रवाई करते हुए पिता कुलविंदर सिंह और बेटे मनप्रीत को लुधियाना से गिरफ्तार किया। अदालत ने दोनों को 19 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा है।

अजमेर में मादक पदार्थ तस्कर तरुण नाहरिया पर आर्थिक कार्रवाई, 32 लाख कीमत के चार वाहन फ्रीज

24न्यूज अपडेट

जयपुर 13 नवंबर। मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध अजमेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर तरुण नाहरिया एवं उसके परिजनों के नाम पर खरीदे गए चार वाहनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ(2) के तहत फ्रीज करवाया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी एवं सप्लाई से अर्जित अवैध आय से अपने नाम के साथ-साथ पत्नी और माता के नाम पर भी वाहन खरीदे थे। सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, दिल्ली ने इन वाहनों को फ्रीज करने के आदेश जारी किए हैं। फ्रीज की गई संपत्ति की कीमत 32 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालानशुदा अपराधियों के विरुद्ध उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं मुख्यालय हिमांशु जांगिड़ तथा वृत्ताधिकारी दक्षिण नगर मनीष बडगूजर के निकटतम सुपरविजन एवं मार्गदर्शन में रामगंज थानाधिकारी हरिपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

31.46 ग्राम एमडी के साथ हुई थी गिरफ्तारी घटना के अनुसार 6 अगस्त 2026 को थाना रामगंज पुलिस ने तरुण नाहरिया पुत्र सम्पत उम्र 31 वर्ष निवासी सांसी बस्ती भगवानगंज थाना रामगंज अजमेर को 31.46 ग्राम एमडी मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। बाद में उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय और उससे खरीदी गई संपत्तियों की जांच शुरू की। वित्तीय अनुसंधान में आरोपी के नाम पर दो वाहन, उसकी पत्नी नेहा के नाम पर एक वाहन तथा उसकी माता दुर्गा देवी के नाम पर एक वाहन खरीदा जाना सामने आया। सक्षम प्राधिकारी ने जारी किए फ्रीजिंग आदेश पुलिस टीम ने तस्करी से अर्जित अवैध आय से खरीदे गए वाहनों से संबंधित दस्तावेज जुटाकर सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, दिल्ली के समक्ष धारा 68एफ(2) एनडीपीएस एक्ट के तहत संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, दिल्ली ने दिनांक 9 नवंबर 2026 के आदेश के माध्यम से संबंधित संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश जारी किए।

फ्रीज किए गए चार वाहनों में तरुण नाहरिया के नाम पर होंडा एनएक्स 200 मोटरसाइकिल, टोयोटा इनोवा 2.5V कार, पत्नी नेहा के नाम पर टीवीएस जुपिटर 125 मोटरसाइकिल और माता दुर्गा देवी के नाम पर एक टीवीएस वाहन शामिल है। फ्रीज की गई संपत्ति की कीमत 32 लाख रुपए आंकी गई है।

टाउनहॉल फ्लाईओवर के पास से बाइक चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। टाउनहॉल के सामने फ्लाईओवर के पिलर के पास खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। करणपुर, वल्लभनगर निवासी गौरव शर्मा (26) ने सूरजपोल थाने में रिपोर्ट दी कि 7 नवंबर को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

जगदीश चौक से युवती के लापता होने की रिपोर्ट

24न्यूज अपडेट

उदयपुर। जगदीश चौक क्षेत्र से एक युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने घंटाघर थाने में रिपोर्ट देकर आशंका जताई कि उनकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

24न्यूज अपडेट

उदयपुर। सायरा थाना क्षेत्र के बोखाड़ा में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। माजावड़ा निवासी सापाराम गरासिया ने रिपोर्ट दी कि 4 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे हीरामाराम गरासिया ने कथित तौर पर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए उनके पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

पत्नी को भगाकर ले जाने का आरोप, अम्बामाता थाने में मामला दर्ज

उदयपुर। अम्बामाता थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर को दर्ज रिपोर्ट में गोलू सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 140 (3) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना 3 नवंबर को शाम 4 बजे आलू फैक्ट्री क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

होटल संचालक पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के लोयरा में होटल संचालक पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की कर मारपीट करने का आरोप लगा है। भीलवाड़ा लोयरा निवासी 51 वर्षीय बंशीलाल मीणा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में लव नेस्ट होटल के संचालक लक्ष्मण मेघवाल को नामजद किया है। घटना 11 नवंबर दोपहर 2 बजे की बताई गई है। पुलिस ने 12 नवंबर को बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

पालड़ी में महिला से मारपीट, दो नामजद

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के पालड़ी में एक महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पालड़ी निवासी 32 वर्षीय संगीता सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में भेरू सिंह और रूप सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने 12 नवंबर को बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

धर्मेश्वर महादेव मंदिर के पास से मोटरसाइकिल चोरी

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र के कविता स्थित धर्मेश्वर महादेव मंदिर के पास से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मावली क्षेत्र के जवानजी का खेड़ा निवासी 49 वर्षीय भेरूलाल कालबेलिया ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, बाइक चोरी की घटना 2 नवंबर के आसपास की बताई गई है। 12 नवंबर को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

गलती से दूसरे नंबर पर ट्रांसफर हुए एक लाख रुपए, मामला दर्ज

उदयपुर। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक लाख रुपए गलत नंबर पर ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है। ऋषभदेव थाना क्षेत्र के बिलख कला निवासी 40 वर्षीय ठेकेदार मांगीलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि एक लाख रुपए गलती से दूसरे नंबर पर ट्रांसफर हो गए। इस संबंध में 12 नवंबर को बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस लेन-देन की जांच कर रही है।

बलीचा में जातिगत गालियां देने और मारपीट का आरोप, तीन नामजद

उदयपुर। गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र के पंडित दीनदयाल नगर, बलीचा में मारपीट और जातिगत अपमान का मामला सामने आया है। रमेशचंद्र मीणा (42) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि दीपक शर्मा, मंथन और चिराग शर्मा ने उनके साथ मारपीट की और जातिगत गालियां दीं। घटना 30 अक्टूबर रात 8:30 बजे की बताई गई है। पुलिस ने 12 नवंबर को बीएनएस की धाराओं 115(2), 126(2) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(1)(R), 3(1)(s) के तहत मामला दर्ज किया है।

घर से निकली युवती को अज्ञात व्यक्ति द्वारा निरुद्ध करने का आरोप

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सुंदरवास से एक युवती के घर से बिना बताए चले जाने और अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे निरुद्ध करने का मामला दर्ज हुआ है। परिजनों की ओर से 12 नवंबर को दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 127(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई भगवत सिंह कर रहे हैं।


चिकित्सक से विवाद के बाद नर्सिंग ऑफिसर APO, DWF ने उठाया मामला; कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास बमानिया बोले- स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा से समझौता नहीं

24 न्यूज अपडेट

जालौर। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक और नर्सिंग ऑफिसर के बीच विवाद का मामला अब प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया है। जालौर जिले के बागोड़ा ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) जुनी बाली में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार मीणा और नर्सिंग ऑफिसर सुरेश परिहार के बीच विवाद के बाद संबंधित नर्सिंग ऑफिसर को APO कर दिया गया है। इस मामले में डॉक्टर्स वेलफेयर फेडरेशन (DWF), राजस्थान ने हस्तक्षेप करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के साथ सख्त प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार मीणा ने अपने संदेश में आरोप लगाया कि नर्सिंग ऑफिसर सुरेश परिहार का उनके साथ ही नहीं, बल्कि अस्पताल के अन्य कर्मचारियों के साथ भी लगातार विवाद और अभद्र व्यवहार रहा है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित घटनाओं के वीडियो और अन्य ठोस साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं। डॉ. मीणा के अनुसार, इससे पहले भी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों और कर्मचारियों को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके और अन्य स्टाफ की ओर से पुलिस थाना बागोड़ा में एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखित आवेदन दिया गया है।

DWF ने कलेक्टर को लिखा पत्र, सात बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग

डॉक्टर्स वेलफेयर फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास बमानिया और प्रदेश महासचिव डॉ. एचपी शर्मा ने 13 नवंबर को जिला कलेक्टर, जालौर को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। फेडरेशन ने कहा कि



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर

क्रमांक/संस्था 2/2026/5132 दिनांक 13.11.2026

कार्यालय आदेश

श्री सुरेश कुमार नर्सिंग अधिकारी पदस्थापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुनीबाली, खण्ड बागोड के द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार को धमकाने के सम्बन्ध में प्राप्त विडियो एवम् श्रीमान जिला कलेक्टर जालोर के निर्देशानुसार श्री सुरेश कुमार, नर्सिंग अधिकारी को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशो तक जिला मुख्यालय पर लगाया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जालोर

क्रमांक/संस्था 2/2026/5132 दिनांक 13.11.2026

प्रतिलिपि
1. श्रीमान जिला कलेक्टर जालोर ।
2. खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागोडा को भेजकर लेख है सम्बधिन्त कार्मिक को तुरन्त प्रभाव से कार्यमुक्त करे।
3. कार्यालय प्रति।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जालोर

यह विवाद केवल एक चिकित्सक या स्वास्थ्य केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में काम करने वाले चिकित्सकों और अन्य कार्मिकों की सुरक्षा, सम्मान तथा कार्यस्थल के अनुशासन से जुड़ा गंभीर विषय है। ज्ञापन में फेडरेशन ने पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाने, पूर्व में हुई घटनाओं एवं शिकायतों को भी जांच में शामिल करने, संबंधित नर्सिंग ऑफिसर को अन्यत्र स्थानांतरित करने अथवा नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उपलब्ध वीडियो, दस्तावेजी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस जांच कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

निजी प्रैक्टिस के आरोपों की जांच की भी मांग

फेडरेशन ने एक अन्य गंभीर बिंदु उठाते हुए मांग की है कि यदि संबंधित नर्सिंग ऑफिसर द्वारा राजकीय ड्यूटी और ओपीडी समय के दौरान निजी प्रैक्टिस अथवा अन्य निजी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, तो इसकी भी जांच कर दोष सिद्ध होने पर सेवा नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही अस्पताल के अटेंडेंस रिकॉर्ड और संबंधित कार्मिक के विरुद्ध पूर्व में मिली शिकायतों की भी समग्र जांच करवाने का आग्रह किया है।

डॉ. विकास बमानिया बोले- चिकित्सकों की सुरक्षा से समझौता नहीं

DWF के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास बमानिया ने कहा कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी विषम परिस्थितियों में भी दिन-रात आमजन को सेवाएं देते हैं। ऐसे में उनके साथ धमकी, अभद्रता और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। फेडरेशन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई करवाना नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित, सम्मानजनक और अनुशासित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर को APO किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम है, लेकिन पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए। फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामले में संगठन मजबूती से उनके साथ खड़ा रहेगा।

बोन मैरो ट्रांसप्लांट से दो मासूमों को मिली नई जिंदगी, कैंसर के खिलाफ जीबीएच हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। कैंसर से जूझ रहे दो मासूम बच्चों के लिए इस दीपावली अस्पताल से घर लौटना किसी नई जिंदगी के उत्सव से कम नहीं रहा। वर्षों से ब्लड कैंसर से संघर्ष कर रहे उदयपुर जिले के 11 वर्षीय बच्चे और गंभीर न्यूरोब्लास्टोमा से पीड़ित पाली जिले के पांच साल के मासूम का बेड़वास स्थित जीबीएच कैंसर हॉस्पिटल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल रहा। उदयपुर में अस्पताल के स्तर पर हुए ये पहले दो बोन मैरो ट्रांसप्लांट हैं। खास बात यह रही कि दोनों बच्चों का ट्रांसप्लांट सहित संपूर्ण उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया। करीब डेढ़ महीने तक अस्पताल में उपचार और विशेष निगरानी के बाद दोनों बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया। अब वे अपने परिवारों के साथ दीपावली मना सकेंगे। गंभीर बीमारी और लंबे इलाज के बीच यह उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत और उम्मीद की खबर है। दोनों बच्चों का उपचार शिशु कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पित मित्तल के



निर्देशन में किया गया। ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में एफेरेसिस मशीन के माध्यम से डोनर के रक्त से स्वस्थ स्टेम सेल्स एकत्रित किए गए। निर्धारित उपचार प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन स्टेम सेल्स को बच्चों के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया। यह जटिल प्रक्रिया है, जिसमें संक्रमण से बचाव, लगातार चिकित्सकीय निगरानी और विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उपचार के बाद दोनों बच्चों की स्थिति में सुधार हुआ और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत और खर्चीली चिकित्सा सुविधा दोनों परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिली।

क्या है बोन मैरो ट्रांसप्लांट

विश्व प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं जीबीएच ग्रुप के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार जैन ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट को स्टेम सेल ट्रांसप्लांट भी कहा जाता है। कैंसर के कुछ विशेष प्रकारों में बीमारी दोबारा उभरने का खतरा रहता है। ऐसे चयनित मरीजों में हाई डोज कीमोथेरेपी के बाद स्वस्थ स्टेम सेल्स प्रत्यारोपित करना उपचार का महत्वपूर्ण विकल्प होता है। ये स्टेम सेल्स शरीर में नई और स्वस्थ रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं और रक्त निर्माण प्रणाली को फिर से विकसित होने में सहायक होते हैं। जीबीएच कैंसर हॉस्पिटल में फिलहाल चार अन्य बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट उपचार भी चल रहा है। दो सफल ट्रांसप्लांट के साथ उदयपुर में उन्नत बाल कैंसर चिकित्सा की दिशा में नई शुरुआत हुई है। डॉ. आनंद झा, ग्रुप डायरेक्टर ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट का उपयोग केवल कैंसर तक सीमित नहीं है, बल्कि थैलेसीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया और सिकल सेल एनीमिया जैसे रोगों में भी किया जाता है।

दरगाह क्षेत्र में रह रहा बांग्लादेशी परिवार पकड़ा, दो बच्चों समेत पांच सदस्य दस्तयाब, अब तक 66



24 न्यूज अपडेट

अजमेर। दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मूल के एक पांच सदस्यीय परिवार को अजमेर पुलिस ने दस्तयाब किया है। परिवार में 63 वर्षीय माजिद अली, उसकी 55 वर्षीय पत्नी फरजान खान, दो पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं। अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और निष्कासन के लिए चलाए जा रहे अभियान में यह पुलिस की 28वीं कार्रवाई है। इसके साथ ही जिले में अब तक दस्तयाब किए गए बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या 66 हो गई है। पुलिस और सीआईडी जोन अजमेर की संयुक्त टीम ने आसूचना संकलन और तकनीकी साधनों की मदद से दरगाह क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। दरगाह बाजार, अंदरकोट, जालियान कब्रिस्तान, नई सड़क, तारागढ़ की पहाड़ी, सिलावट मोहल्ला, त्रिपोलिया गेट, झालरा और लाखन कोटड़ी सहित कई इलाकों में जांच के दौरान परिवार की पहचान हुई। प्रारंभिक पूछताछ में परिवार के मुखिया माजिद अली ने बताया कि वर्ष 2006 में उसका निकाह फरजान खान से हुआ था। इसके अगले साल 2007 में वह पत्नी के साथ पश्चिम बंगाल के हिली बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ। दोनों पहले ट्रेन से दिल्ली पहुंचे और करीब दो साल वहां रहे। इसके बाद 2009-10 में अजमेर आए और दरगाह क्षेत्र में रहने लगे। माजिद ने अपना मूल निवास ढाका, बांग्लादेश बताया है। शुक्रवार को दरगाह थाना पुलिस और सीआईडी की टीम परिवार को थाने लेकर आई, जहां सदस्यों की पहचान और अन्य तथ्यों को लेकर पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में की गई। टीम का नेतृत्व वृत्ताधिकारी दरगाह हर्षित शर्मा ने किया। इसमें दरगाह थानाधिकारी दिनेश जीवनानी और सीआईडी जोन के निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

उदयपुर में जुटेंगे देशभर के 350 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ, आज से राजसीकॉन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हृदय चिकित्सा की नई तकनीकों, शोध और जटिल उपचार पद्धतियों पर मंथन के लिए 14 और 15 नवंबर को उदयपुर में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के राजस्थान स्टेट चैप्टर की चौथी वार्षिक कॉन्फ्रेंस RAJCSICON 2026 होगी। होलीमोंट रिसॉर्ट में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के 350 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस वर्ष की थीम 'WHERE HERITAGE INSPIRES INNOVATION IN CARDIOLOGY' रखी गई है।

आयोजन सचिव डॉ. अमित खंडेलवाल के अनुसार सम्मेलन में 22 वैज्ञानिक सत्र, 61 विषय, 25 केस प्रेजेंटेशन और तीन हैंड्स-ऑन वर्कशॉप होंगी। इनमें जटिल कोरोनरी इंटरवेंशन, हार्ट फेल्योर, वाल्व संबंधी बीमारियों, कार्डियक इमेजिंग और आधुनिक एंजियोप्लास्टी तकनीकों पर चर्चा होगी। डॉ. अशोक सेठ, डॉ. टी.एस. क्लेर और डॉ. एस.जी. गंभीर सहित देश के वरिष्ठ विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। सम्मेलन में हृदय चिकित्सा में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अशोक सेठ, डॉ. एस.जी. गंभीर, डॉ. टी.एस. क्लेर और डॉ. एस.के. कौशिक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. कपिल भार्गव, आयोजन सचिव डॉ. अमित खंडेलवाल और मुख्य संरक्षक डॉ. एस.के. कौशिक के नेतृत्व में हो रहे इस सम्मेलन का उद्देश्य आधुनिक और सुरक्षित हृदय उपचार को बढ़ावा देना तथा युवा चिकित्सकों को नवीनतम शोध से जोड़ना है।

बेडवास ने बीबी इलेवन को 41 रन से हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेवलिया प्रजापति समाज की पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में बेडवास की टीम ने बीबी इलेवन को 41 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। बेडवास ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 175 रन बनाए। दिव्यांश प्रजापत ने 43 गेंदों पर 71 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में बीबी इलेवन की टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए पवन प्रजापत बिछड़ी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने पांच मैचों में 261 रन बनाने के साथ पांच विकेट भी लिए और चार मुकाबलों में मैन ऑफ द मैच रहे। समापन समारोह में मेवाड़ चौखले के अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत घासा, उपरला गिर्वा संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश प्रजापत कविता, वागड़ मेवाड़ प्रजापति समाज संस्थान युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रभुलाल प्रजापति, अखिल भारतीय कुंभकार महासंघ के संभागीय अध्यक्ष विष्णु प्रजापत और जिलाध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल प्रजापत सहित अतिथियों ने विजेता-उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। आयोजन में योगेश, शंकर, प्रवीण, वीरेंद्र, दीपक और नरेश प्रजापत सहित युवाओं की भूमिका रही।

13 दिसंबर को होगी वॉलीबाल प्रतियोगिता

मेवाड़ चौखला की ओर से 13 दिसंबर को दरौली स्थित श्री यादे देवी मंदिर परिसर में एक दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता होगी। अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि सभी टीमों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। टीमों को 6 दिसंबर से पहले पंजीकरण कराना होगा।

बेणेश्वर धाम में 23 नवंबर को सजेगा जनजातीय गौरव का मंच, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जनजातीय गौरव, स्वाभिमान और अस्मिता का संदेश देने के लिए 23 नवंबर को बेणेश्वर धाम में प्रदेश का बड़ा राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होगा। धरती आबा बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के योगदान और उसके गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया जाएगा। भाजपा जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बताया कि पखवाड़े के तहत प्रदेश के सभी जनजाति बहुल जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका मुख्य राज्य स्तरीय समारोह बेणेश्वर धाम में होगा। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को संसद भवन और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके जरिए धरती आबा बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और जनजातीय समाज के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया जाएगा।



समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com wathsapp : 8852073787

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।